हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 30  जुलाई 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

=====================================================

लोकसभा में लोक परीक्षा- अनुचित साधन रोकथाम संशोधन विधेयक 2026 पारित होने के साथ ही देश में विशेष फास्ट ट्रैक अदालतें स्थापित करने का काम तेज़ हो गया है। इस विधेयक में प्रश्नपत्र लीक मामले में दोषियों को दस वर्ष तक के कारावास और दस करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। इसके अतिरिक्तल अपराधियों की संपत्ति भी जब्त कर ली जाएगी। मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए प्रत्येक राज्य सरकार और केंद्र शासित प्रदेश को दैनिक सुनवाई के लिए विशेष फास्टम ट्रैक कोर्ट स्थापित करने का आदेश दिया गया है। विधेयक के अनुसार अपराधों की जांच पुलिस थाने में सूचना दर्ज होने की तारीख से दो महीने के भीतर और मुकदमे की सुनवाई आरोपपत्र दाखिल होने की तारीख से तीन महीने के भीतर पूरी होनी चाहिए। कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि यह संशोधन कानून को और अधिक सख्त बनाने और त्वरित न्याय दिलाने के लिए किया गया है।

*इसी विधेयक के लाने के साथ ही साथ हमारे लॉ मिनिस्टर्स की ओर से भी एक प्रस्ताव जारी कर दिया गया। स्पेशल फास्ट ट्रैक कोर्ट्स है इनको स्थापित करने का भी क्रम प्रारंभ किया जाए, उसमें दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, मध्यप्रदेश, बिहार, उत्त राखंड में पहले ही इन्हों‍ने गठित कर दिया है और आने वाले दिनों में बाकी स्थासनों पर भी।*

-----------------------------------------------------

राज्यसभा ने राष्ट्रीय सम्मान की रक्षा के लिए राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण (संशोधन) विधेयक, 2026 पारित कर दिया है। विधेयक वंदे मातरम को राष्ट्रीय गान के सम्मान को वैधानिक संरक्षण प्रदान करेगा। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि वंदे मातरम के अपमान के लिए अब तीन वर्ष तक की कैद, जुर्माना या दोनों की सजा हो सकती है।

-----------------------------------------------------

हरियाणा खाद्य एंव औषधि प्रशासन ने फ़रीदाबाद में नकली फ़ार्मास्युटिकल-ग्रेड रसायन प्रोपलीन ग्लाइकॉल के फर्जीवाड़े का पर्दाफ़ाश किया है। लगभग 25 लाख रुपए कीमत का यह रसायन 42 ड्रम में भरा हुआ था। मौके से फिर से पॅकिंग के लिए रखे पम्प, रैपर आदि भी बरनाद किए गए हैं।

अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि जब्त किए गए रसायन प्रोपलीन ग्लाइकोल से जान का खतरा हो सकता है, अगर इसमें मिलावट तय सीमा से ज़्यादा हो। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने चंडीगढ़ में एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से इस बारे जानकारी देते हुए बताया कि प्रोपलीन ग्लाइकोल का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर कफ़ सिरप और कई अन्य फार्मास्युटिकल दवाओं को बनाने में एक सहायक पदार्थ के तौर पर किया जाता है, इसलिए मरीजों की सुरक्षा के लिए इसकी गुणवत्ता और शुद्धता बहुत ज़रूरी है।

डॉ.मिश्रा ने कहा कि यह कार्रवाई नकली और मिलावटी दवाओं के निर्माण, वितरण और बिक्री के खिलाफ विभाग की 'जीरो-टॉलरेंस' नीति के तहत की गई है। यह कार्रवाई स्वास्थ्य मंत्री आरती राव, हरियाणा खाद्य एवं औषधि प्रशासन के आयुक्त डॉ. मनोज कुमार और राज्य औषधि नियंत्रक रिपन मेहता की देखरेख में की गई है।

---------------------------------------------------------------

हरियाणा के भिवानी की बेटी एवं भारतीय सेना की नायब सूबेदार जैस्मिन लम्बोरिया ने ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेल 2026 मं शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला 57 किलोग्राम वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश कर भारत के लिए बॉक्सिंग का 10वां पदक सुनिश्चित कर दिया। जैस्मिन ने इंग्लैंड की एलिस ग्लिन को 4-1 के स्पिलट डिसीज़न से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई।

---------------------------------------------------------

रोहतक जिला के खैरड़ी मोड़ के नजदीक आज सुबह हुए सड़क हादसे में 2 सगे भाइयों समेत 3 लोगों की मौत हो गई। हादसा तब हुआ जब अंबाला से नारनौल जा रही कार आगे चल रहे ट्रक से पीछे जा टकराई। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए पीजीआईएमएस रोहतक भिजवा दिया है।

मृतकों की पहचान नारनौल की रामकरण कॉलोनी निवासी मनोज कुमार जैन व मनीष कुमार जैन और महेंद्रगढ़ के जलपुरा निवासी संदीप कुमार के रूप में हुई है।

-----------------------------------------------

भिवानी जिले के गांव धनाना की बेटी एवं भारतीय सेना की मुक्केबाज साक्षी चौधरी □ांडा ने राष्ट्रमंडल खेल 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला 51 किलोग्राम वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। साक्षी ने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में उत्तरी आयरलैंड की कैटलिन फ्रायर्स को 5-0 से एक तरफा मात देकर भारत के लिए मुक्केबाज़ी में एक और पदक सुनिश्चित कर दिया। मुकाबले के दौरान साक्षी ने शुरुआत से ही आक्रामक और तकनीकी खेल का प्रदर्शन किया।

==========================================